SUNDAY | 06.11.2022 | कार्तिक शुक्ल-त्रयोदशी विक्रम संवत-2079

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 54 | अंक 290 | पृष्ठ : 20 | मूल्य : सात रुपये बरेली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO : 06 MIDDLE

नाटक

एसआरएमएस रिद्धिमा में देहरादून के एकलव्य ग्रुप ने किया मंचन

स्लूथ यानी बदले की रंजिश में हत्या का खेल

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में चल रहे थियेटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव में पांचवें दिन शनिवार को देहरादून के एकलव्य ग्रुप की ओर से स्लूथ नाटक का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन और मुख्य किरदार जयदीप की भूमिका अखिलेश नारायण ने निभाई।

कहानी में दो मुख्य पात्र हैं। कुंवर जयदीप सिंह खानदानी रईस होने के साथ ही जासूसी उपन्यासकार है। वहीं, मनोज कुंवर जयदीप की पत्नी शीला का प्रेमी है। नाटक की शुरुआत कुंवर साहब के मनोज को घर बुलाने से होती है। उन्हें पत्नी शीला की दूसरी शादी से कोई ऐतराज नहीं है। वह मनोज से अपने ही घर में चोरी कर अमीर बनने का सुझाव देते हैं, ताकि उनकी खर्चीली पत्नी को आगे कोई परेशानी न हो। मनोज चोरी करने के लिए राजी हो जाता है, लेकिन यह सब कुंवर साहब का रचा एक षडयंत्र होता है, जिसमें मनोज फंस जाता है। चोरी करते पकड़े गए मनोज को कुंवर साहब गोली मार देते हैं।

कुछ दिन बाद इंस्पेक्टर मलिक मामले की तहकीकात करने पहुंचते हैं और हत्या के आरोपी को ढूंढने में लग जाते हैं। यह नाटक का सबसे रोमांचक दृश्य होता है। अंत में इस उलझी कहानी का राज खुलता है और दर्शकों को पता चलता है कि इंस्पेक्टर मलिक ही मनोज है। मनोज ने रंजिश में जयदीप की प्रेमिका शिखा की हत्या कर दी।

इस बीच पुलिस आकर दोनों को गिरफ्तार करती है और नाटक खत्म होता है। मनोज का किरदार तुषार बिष्ट ने बखूबी निभाया। इस मौके पर सांसद संतोष गंगवार, एसएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति आदि उपस्थित रहीं।

रिद्धिमा में चल रहे इंद्रधनुष रंग महोत्सव में जासूसी नाटक स्लूथ का मंचन हुआ।